भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

31.03.2023 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3489 का उत्तर

अधिक पैसेंजर ट्रेनों का संचालन

3489. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्तमान में बरौनी से बछवाड़ा, विद्यापति नगर होते हुए हाजीपुर-सोनपुर तक कितनी पैसेंजर ट्रेनें संचालित की जा रही हैं;

(ख) क्या स्थानीय यात्रियों की संख्या को देखते हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा और यात्री ट्रेनें संचालित करने हेतु मांग की गई है; और

(ग) यात्रियों के दबाव को देखते हुए क्या उपरोक्त रूट पर और यात्री ट्रेनें संचालित करने हेतु मंत्रालय विचार कर रहा है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): वर्तमान में, 2 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाएं और 5 जोड़ी पैसेंजर स्पेशल सेवाएं बछवाड़ा, विद्यापतिधाम, हाजीपुर के रास्ते बरौनी से सोनपुर तक चलाई जा रही हैं। नई गाड़ी सेवाएं शुरू करने के लिए रेल प्रशासन के विभिन्न स्तरों जैसे स्टेशन, मंडल, क्षेत्रीय और रेलवे बोर्ड स्तर पर सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते रहते हैं। ऐसे अनुरोधों का केंद्रीकृत संकलन नहीं रखा जाता है। बहरहाल, भारतीय रेल पर गाड़ियों को शुरू करना सतत् प्रक्रिया है जो परिचालनिक व्यवहार्यता, यातायात की मांगों, संसाधनों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन है।

****